एक कोई कस्बा था

एक कोई कस्बा था
कस्बे में किला था

एक कोई कस्बा था
कस्बे में किला था
किले में कोठार था

एक कोई कस्बा था
कस्बे में किला था
किले में कोठार था
कोठार में कमरा था

एक कोई कस्बा था
कस्बे में किला था
किले में कोठार था
कोठार में कमरा था
कमरे में कुर्सी थी

एक कोई कस्बा था। कस्बे में किला था
किले में कोठार था। कोठार में कमरा था
कमरे में कुर्सी थी। कुर्सी पे किताब थी

एक कोई कस्बा था। कस्बे में किला था
किले में कोठार था। कोठार में कमरा था
कमरे में कुर्सी थी। कुर्सी पे किताब थी
किताब में कागज़ था। कागज़ पे लिखा था
"प्लीज़, बोर मत करो यार!!"

चलो इसे गाते हैं...

कस्बे में क्या था?
कि कि कि कि किला था
किले में क्या था?
को को को को कोठार था
कोठार में क्या था?
क क क क कमरा था
कमरे में क्या था?
कु कु कु कु कुर्सी थी
कुर्सी पे क्या था?
कि कि कि कि किताब थी
किताब में क्या था?
का का का का कागज़ था
कागज़ में क्या था?
श... श... श... श...
चुप! चुप!! चुप!!!

प्रस्तुतिः स्वयं प्रकाश
चित्रः अतनु राय